# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम-दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र. 254 /परीक्षा/पी–एचडी./कोर्सवर्क/2025 दुर्ग, दिनांक 20.05.2025

## //अधिसूचना//

## पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश कमांक-45 (संशोधित) के प्रावधानानुसार पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025 के आयोजन की अधिसूचना एतद द्वारा निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है-

1. **विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच.डी. (Ph.D.) कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से दिनांक 30.05.2025 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र-शासकीय वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित की जाएगी ।**
2. परीक्षार्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. **परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त एक पहचान पत्र यथा-पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधारकार्ड/वोटर आई.डी. आदि लाना अनिवार्य है।**
4. प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.durguniversity.ac.in Quick Links - Admit Card Ph.D. Coursework Exam-2025** पर जाकर दिनांक **21.05.2025** से डाउनलोड किये जा सकेंगे ।
5. पी-एच.डी. कोर्सवर्क से संबंधित लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्नों से युक्त कुल 100 अंकों की होगी। जिसमें दो भाग होंगे। प्रथम भाग में अनुसंधान की प्रविधि, प्रकिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग से संबंधित 35 प्रश्न एवं द्वितीय भाग में शोध एवं प्रकाशन नैतिकता से संबंधित 15 प्रश्न पूछे जायेंगे।
6. यूजीसी के नियमानुसार शोधार्थी को कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
7. परीक्षा OMR SHEET आधारित पद्धति से आयोजित की जाएगी ।
8. परीक्षा में ऋणात्मक अंक का प्रावधान नही है ।
9. **पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा प्रणाली**

   परीक्षा पद्धति - पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) होंगे।

| प्रश्न | अंक | विवरण |
|---|---|---|
| 01 से 35 प्रश्न | 35 × 02 = 70 अंक | प्रथम भाग - अनुसंधान की प्रविधि, प्रक्रिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग |
| 36 से 50 प्रश्न | 15 × 02 = 30 अंक | द्वितीय भाग शोध एवं प्रकाशन नैतिकता |
| कुल = 50 प्रश्न | 50 × 02 = 100 अंक | कुल 100 अंक में 55 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। |

10. पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025 निम्नलिखित विषयों के लिये आयोजित होगी -

| | | |
|---|---|---|
| 1. हिन्दी | 8. गणित | 15. रसायन शास्त्र |
| 2. इतिहास | 9. बायोटेक्नोलॉजी | 16. प्राणीविज्ञान |
| 3. भूविज्ञान | 10. अर्थशास्त्र | 17. शिक्षा |
| 4. माइक्रोबायोलॉजी | 11. भौतिकी | 18. भूगोल |
| 5. गृह विज्ञान | 12. वनस्पति विज्ञान | 19. मनोविज्ञान |
| 6. अंग्रेजी | 13. वाणिज्य | – |
| 7. राजनीति विज्ञान | 14. समाजशास्त्र | – |

11. परीक्षार्थियों को काले/नीले बॉल प्वाईंट पेन, पानी की पारदर्शी बोतल रखने की अनुमति होगी।
12. परीक्षा संबंधी किसी भी विवाद पर कुलपति महोदय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क. 255 /परीक्षा/पी-एचडी./कोर्सवर्क/2025 दुर्ग, दिनांक 20.05.2025

प्रतिलिपि :-

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित शोध केन्द्र/परीक्षा केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
4. पी-एच.डी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सूचनार्थ ।
6. मेसर्स, लर्निंग स्पाईरल प्रा.लि., हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. सम्पादक, समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)